## खबर संक्षेप

### तहसीलदार पर फर्जी पंचनामा कराने का आरोप

**उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ तहसील कार्यालय से एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता कृष्ण तिवारी निवासी ग्राम चंदवार ने कलेक्टर को शिकायत देते हुए तहसीलदार बांधवगढ़ पर फर्जी पंचनामा तैयार कराने और पटवारी पर दबाव बनाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि भूमि विवाद से जुड़े एक पुराने मामले में तहसीलदार ने रात 07 बजे हल्का पटवारी प्रशांत पाठक को कार्यालय बुलाकर धमकाया और मौके का सही पंचनामा छिपाकर गलत दस्तावेज तैयार करने पर मजबूर किया। पटवारी ने स्वयं शिकायतकर्ता को बताया कि दबाव में आकर उसे झूठा पंचनामा तैयार करना पड़ा। आरोप यह भी है कि यह पूरा खेल छटनकैम्प की विवादित भूमि पर फर्जी नामांतरण दर्ज कराने के लिए रचा गया। कृष्ण तिवारी ने पूर्व में भी इस फर्जीवाड़े की शिकायत प्रशासनिक स्तर पर की थी, मगर अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई न होने से मामला और गरम हो गया है। पीड़ित का कहना है कि जब पटवारी स्वयं इस बात की पुष्टि करने को तैयार है, तब जिला प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। जाहिर है, यह मामला महज एक व्यक्ति का नहीं बल्कि राजस्व तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी की परतें खोलता है। यदि उच्चस्तरीय जांच बैठती है तो तहसील कार्यालय के और भी कई नाम इस दलदल में सामने आ सकते हैं। जिलेभर में यह मामला चर्चा का विषय बन चुका है और अब सबकी निगाहें कलेक्टर की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। कृष्ण तिवारी ने साफ कहा है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई ही न्याय की राह खोलेगी।

### कमिश्नर ने स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**उमरिया।** कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने जिले के सामुदायिक भवन उमरिया से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर अस्पताल तिराहा, जय स्तम्भ चौक, गांधी चौक से पाली रोड होते हुए नगर वन पहुँची , जहाँ पर रैली का समापन किया गया। रैली के पूर्व कमिश्नर ने स्कूटी की पूजा अर्चना की। स्कूटी रैली में विभिन्न स्कूलों से मेधावी छात्र शामिल हुए। स्कूटी रैली के माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता अपनाईये-बीमारी को दूर भगाइये, एक नया सवेरा लाएंगे-पूरे भारत को स्वच्छ बनाएंगे, स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत, हम सबने ठाना है- देश को स्वस्थ बनाना है संबंधी स्लोगन से नगरवासियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, क्षेत्र संचालक बी.टी.आर अनुपम सहायक, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, वन मंडलाधिकारी विवेक सिंह, आसुतोष अग्रवाल, मिथिलेश पयासी,दीपू छत्तवानी, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह, सुशील मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भठिया का प्राचीन मां सिंहवाहिनी मंदिर



## नवरात्र में गूंजती भक्ति और आस्था की ध्वनियां

**शहडोल।** नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के भठिया स्थित मां सिंहवाहिनी मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिर प्रांगण में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, और वातावरण जय माता दी के जयकारों से गूंज रहा है। मां सिंहवाहिनी मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि इसका सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व भी अत्यधिक है। यह मंदिर कलचुरी कालीन प्रतिमाओं का घर है, जो इस स्थान की प्राचीनता का प्रमाण देती हैं। पुरातत्व विभाग द्वारा 1955-60 के आसपास की गई खुदाई में कई प्राचीन मूर्तियां और अवशेष मिले थे, जो मंदिर के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाते हैं।



### नवरात्रि विशेष आयोजन

नवरात्रि के नौ दिनों तक यहां प्रतिदिन भजन-कीर्तन, आरती और देवी पाठ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति और स्थानीय ग्रामीण भक्तजन मिलकर पूरे आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान मंदिर प्रांगण में विशेष सजावट की गई है, और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

### श्रद्धा का अनूठा केंद्र

मां सिंहवाहिनी के दरबार में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं। मान्यता है कि यहां मांगी गई मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। यही कारण है कि आसपास के जिलों और पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। नवरात्रि के इस पर्व पर विभिन्न समाजों और वर्गों के लोग एकजुट होकर मां की आराधना करते हैं, जिससे सामाजिक समरसता और एकता का संदेश मिलता है। यह मंदिर क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बना हुआ है। मां सिंहवाहिनी मंदिर, भठिया न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक महत्व को भी दर्शाता है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर यहां की गई आराधना और आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।

## पुलिस की नाकामी और जिले में फैलती अव्यवस्था का काला चेहरा

# शादी के नाम पर हाई-टेक ठगी







**शहडोल। शादी के नाम पर हाई-टेक ठगी का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस की तत्परता और साहस सराहनीय रही। गुरु नानक चौक स्थित फर्जी मैरिज ब्यूरो सात फेरे रिश्ते प्वाइंट के मास्टरमाइंड योगीराज समेत उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कानून का पालन सुनिश्चित किया। इस कार्रवाई से जिले में आम जनता का विश्वास बढ़ा और अपराधियों के खिलाफ प्रशासन की सजगता सामने आई।**

जिले की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र की पोल खुलकर सामने आ चुकी है, गुरु नानक चौक स्थित एक होटल से सात फेरे रिश्ते प्वाइंट नामक फर्जी मैरिज ब्यूरो संचालित किया जा रहा था, जहां शादी जैसे पवित्र रिश्ते को ठगी का जरिया बना दिया गया। हाई-टेक गैंग न सिर्फ भोले-भाले युवाओं से लाखों रुपए ऐंठ रहा था बल्कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इसे संगठित कारोबार की शक्ल दे चुका था। इस ठगी का पर्दाफाश तब हुआ जब सत्य प्रकाश गुप्ता से 1 लाख रुपए लेकर शादी की व्यवस्था नहीं की गई। विरोध करने पर 60 हजार वापस किए गए और 40 हजार हड़प लिए गए। मामला थाने पहुंचा और पुलिस हरकत में आई। छापेमारी में लैपटॉप, डेस्कटॉप और 24 से अधिक मोबाइल फोन बरामद हुए। मास्टरमाइंड योगीराज बिलासपुर फरार है, जबकि उसके साथी शिवम साहू बिलासपुर और दामेंद्र साहू मुंगेली गिरफ्तार हो चुके हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि सैकड़ों युवक-युवतियां इस गिरोह का शिकार हुए हैं।

### बाहरी लोगों का वैरीफिकेशन क्यों नहीं?

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आए दिन बाहरी लोग कई तरह के धंधे खड़े कर देते हैं। कोई फर्जी फर्म खोलकर लोगों को लूटता है, तो कोई गैंग चलाकर अपराध करता है, लेकिन सबसे बड़ी चूक पुलिस और प्रशासन की है, जो कभी भी इनका सत्यापन नहीं कराता। आखिरकार जिले में कौन आ रहा है, कहां ठहर रहा है और किस काम से आया है, यह जानना क्या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है?

### दिन में भिक्षा, रात में रहस्य

वर्तमान में जिला मुख्यालय की हालत इतनी खराब है कि सडक़ों पर आम आदमी का खड़ा होना मुश्किल हो गया है। हर चौक-चौराहे पर भीख मांगने वाले गुटों ने डेरा डाल रखा है। दिन में यह लोग भिक्षा मांगते हैं, लेकिन रात में ये कहां जाते हैं, किसके साथ रहते हैं और इनकी वास्तविक पहचान क्या है, इसका कोई रिकॉर्ड प्रशासन के पास नहीं है। अगर जानकारी है, तो फिर सवाल यह है कि इन्हें सडक़ों पर क्यों छोड़ दिया गया है?

### जिम्मेदार विभागों पर सवाल

ठगी करने वाले कथित मैरिज ब्यूरो और फर्जी फर्मों का पंजीयन कहां हुआ और किसकी निगरानी में हुआ? श्रम विभाग ने कभी जांच की? नगर निगम और सामाजिक न्याय विभाग की जिम्मेदारी थी कि भीख मांगने वालों की मानिटरिंग करे, लेकिन यहां किसी विभाग को अपने कर्तव्यों की सुध तक नहीं है। नतीजा यह है कि जिला मुख्यालय अपराधियों, फर्जी फर्मों और भिक्षा माफियाओं का अड्डा बनता जा रहा है।

### जरूरी है सख्त कदम

अबवक्त आ गया है कि जिला प्रशासन न सिर्फ ऐसे हाई-टेक ठग गिरोहों को पूरी तरह खत्म करे, बल्कि भीख मांगने वालों के खिलाफ भी कठोर कदम उठाए। इसके लिए जिला स्तर पर समर्पित सेल बनाई जानी चाहिए, जो बाहरी लोगों का सत्यापन करे, फर्जी फर्मों की पहचान करे और सडक़ों को भीख मांगने वालों से मुक्त कराए। यदि प्रशासन ने अभी भी आंखें मूंदे रखीं, तो शहडोल आने वाले दिनों में अपराधियों और ठगों का गढ़ बन जाएगा। यह घटना सिर्फ एक फर्जी मैरिज ब्यूरो तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले की नाकामी, लापरवाही और भ्रष्ट तंत्र का आईना है, जिसे तोडऩा अब अनिवार्य हो गया है।

### इनका कहना है...

सत्यप्रकाश गुप्ता द्वारा शिकायत की गई थी कि फर्जी मैरिज ब्यूरो के जरिए ठगी की जा रही है। इस पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो को गिरफ्तार किया गया है। मास्टरमाइंड की तलाश की जा रही है।

**अभिषेक दीवान**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**
**शहडोल**

# पौधारोपण करने के साथ ही उसका सुरक्षा का संकल्प लें: कमिश्नर

### नगर वन में कमिश्नर, कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने किया पौधरोपण



**उमरिया।** कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने जिला मुख्यालय स्थित नगर वन में वन विभाग तथा नगर पालिका उमरिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नक्षत्र वाटिका में पौधरोपण किया । उन्होने कहा कि पौधरोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का भी संकल्प लें। पौधरोपण करना हम सबकी महती जिम्मेदारी है। वातावरण को शुध्द रखने में पौधो की अहम भूमिका होती है। विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक बगिया मां के नाम के तहत जिले में पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किए गए है। नगर के मध्य क्षेत्र में नक्षत्र वाटिका में 27 प्रकार के पौधो का रोपण किया गया है। जब यही पौध वृक्ष बनेंगे तो निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों को फल फूल एवं विभिन्न प्रकार की औषधियां प्राप्त होगी। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, क्षेत्र संचालक बी.टी.आर अनुपम सहाय, सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, वन मंडलाधिकारी विवेक सिंह, आशुतोष अग्रवाल, मिथिलेश पयासी,दीपू छत्तवानी, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह, सुशील मिश्रा सहित मेधावी छात्र छात्राओं ने भी पौधरोपण किया तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

# संभागायुक्त ने सपरिवार मां बिरासनी के किए दर्शन



**उमरिया। कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने सपरिवार जिले में स्थित मां बिरासिनी धाम बिरसिंहपुर पाली पहुंचकर मां बिरासिनी के दर्शन किए तथा संभाग के नागरिकों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होने मंदिर परिसर का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

संभागायुक्त सुरभि गुप्ता ने कहा कि नवरात्रि पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं व त्यौहार को मनाते समय अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। त्योहार के दौरान ऐसा कोई भी कार्य नही करें, जिससे जिले की शांति व्यवस्था भंग हो। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को ज्यादा से ज्यादा अपनाएं इसके साथ ही उन्होंने जिलेवासियों को अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रामपुर बटुरा खदान गेट पर किसानों का कब्ज़ा



### पांच साल से ठगे जा रहे प्रभावित परिवार, आर-पार की लड़ाई का ऐलान

**शहडोल।** आखिरकार किसानों का गुस्सा फूट पड़ा, एसईसीएल रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना से प्रभावित किसानों ने मंगलवार को खदान गेट पर पहुंचकर पूरी तरह खदान बंद करा दी। ठीक 11 बजे शुरू हुए इस आंदोलन में सैकड़ों महिला-पुरुष किसानों ने साफ शब्दों में ऐलान कर दिया, अब सिर्फ आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए। किसानों का कहना है कि वर्ष 2016 से अब तक रोजगार और पुनर्वास के नाम पर सिर्फ कागजी खेल खेले जा रहे हैं। नाम सुधार और कागज की त्रुटि बताकर उनकी फाइलें तहसील से एसडीएम और फिर ए स ई सी ए ल कार्यालय में धकेली जाती हैं। इस प्रक्रिया में उनकी मेहनत और गाढ़ी कमाई भी लुट चुकी है। न रोजगार मिला, न मुआवजा।

### खेती ठप, प्रदूषण हावी, आदेश की धज्जियां

खदान की वजह से खेती-किसानी लगभग खत्म हो चुकी है। गांव धूल और प्रदूषण से त्रस्त है। सबसे गंभीर बात यह है कि कलेक्टर के आदेश के बावजूद स्कूल भवन अब तक स्थानांतरित नहीं हुआ, जो खदान से सटा हुआ है। पेड़-पौधों के मुआवजे की मांग पर हर बार किसानों को तहसील से सर्टिफिकेट नहीं है कहकर टरका दिया जाता है।

### अधिकार चाहिए, भीख नहीं

इस बार आंदोलन में महिलाओं ने बढ़-चढक़र भागीदारी की। किसानों ने नारे लगाए, हम अपना अधिकार मांगते, किसी से भीख नहीं मांगते, किसान एकता जिंदाबाद। उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक रोजगार और मुआवजे की मांग पूरी नहीं होगी, खदान पूरी तरह बंद रहेगी। प्रदर्शन की भनक लगते ही एरिया कार्मिक प्रबंधक हेंब्रम, मैनेजर जोड़े, राजस्व अधिकारी सोनी और सहायक कार्मिक प्रबंधक चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन किसानों ने अल्टीमेटम दिया, हल निकालो, वरना खदान बंद रहेगी।

### स्थानीय नेतृत्व की मजबूत मौजूदगी

आंदोलन को मजबूती देने सामाजिक कार्यकर्ता और किसान नेता भूपेश शर्मा, जनपद सदस्य चंद्रकुमार तिवारी, सरपंच-उपसरपंच राजाराम मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि राजकमल मिश्रा, पूर्व सरपंच झोले बैगा, रमाकांत मिश्रा और संदीप रजक समेत कई प्रतिनिधि खड़े दिखे। किसानों ने दरी बिछाकर गेट पर डेरा डाल दिया है। पांच साल से परेशान किसान अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। उनका कहना है कि अब और छलावा नहीं, ठोस समाधान चाहिए। सवाल यह है कि क्या एसईसीएल और प्रशासन किसानों की जायज़ मांगों पर अमल करेगा या फिर यह आंदोलन जिले में एक और बड़े विस्फोट की नींव रखेगा?

# नाबालिग से पैसे की लालच देकर करता था अश्लील हरकत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला और संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसमें एक स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा के साथ उसके स्कूल के पास रहने वाले व्यक्ति द्वारा अश्लील हरकत और बैड टच किए जाने का आरोप लगा है। पीड़िता के परिजनों ने यह जानकारी मिलने के बाद तुरंत थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, छात्रा ने अपने परिवार को बताया कि आरोपी उसे रुपयों का लालच देकर बार-बार मिलने का दबाव डाल रहा था। आरोपी का कथित कहना था कि अगर वह रोज उसके पास आएगी तो उसे प्रतिदिन पैसा मिलेगा। यह सनसनीखेज मामला तब सामने आया जब बच्ची ने अचानक स्कूल जाने से मना कर दिया। इसके बाद परिजन तुरंत पुलिस के पास पहुंचे और घटना की गंभीर शिकायत दर्ज करवाई। ब्यौहारी पुलिस ने बताया कि जांच पूरी गंभीरता और गोपनीयता के साथ चल रही है। आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम बनाई गई है, और पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि जैसे ही आरोपी पकड़ा जाएगा, उसे हिरासत में लेकर सख्त पूछताछ की जाएगी। इस घटना ने पूरे इलाके में सन्नाटा और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने अभिभावकों और युवाओं से अपील की है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना स्थानीय थाने को दें।

### इनका कहना है...

यह मामला बहुत ही गंभीर है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा रही है ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

**अभिषेक दीवान**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**
**शहडोल**

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत चंदिया में स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर वीएस चंदेल ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर नगर परिषद चंदिया में आयोजित किया गया। शिविर में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर भी उपस्थित हुए। उन्होने बताया कि अभियान में 10 से 19 वर्ष की किशोर किशोरियों हेतु एनीमिया की रोकथाम, महिलाओं में हीमोग्लोबिन सिकल सेल यूरिन में एल्ब्यूमिन एवं शुगर, बीपी,ओरल कैंसर,सर्वाइकल कैंसर,टी बी , हाई रिस्क गर्भवती माता जांच एवं उपचार किया जा रहा है बच्चो में टीकाकरण करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने समस्त ग्राम वासियों से अपील की है कि अपने परिवार में किशोरी एवं महिलाओं को स्वास्थ्य शिविर में भेजे, ताकि उनका परीक्षण कर उपचार किया जा सके।आशुतोष अग्रवाल ने अधिक से अधिक बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने हेतु किशोरियों एवं महिलाओं से अपील की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में पहुंच कर अपने गांव को स्वस्थ एवं परिवार को सुदृढ़ करने हेतु महिलाओं की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल,प्रदेश कार्यकारिणी समिति चंद्र प्रकाश द्विवेदी ,नर्सिंग स्टाफ, परामर्शदाता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रोहित सिंह बघेल द्वारा किया गया।

### ग्राम पंचायत किरनताल कला में विभिन्न गतिविधियां की गई आयोजित



**उमरिया।** जिला समन्वयक स्वच्छता मनीषा कांड्रा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत ग्राम पंचायत किरनताल कला में निबंध लेखन ,चित्रकला,नारे एवं स्लोगन की गतिविधियां आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र ,प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा ग्राम पंचायत के स्वयं सेवक स्वच्छता मित्र को भी प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत में स्वच्छता ही सेवा के तहत कचरा गाड़ी को मुख्य कार्यपालनअधिकारी जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी ने रवाना किया। कचरा संग्रहित वाहन घर घर जाकर कचरा एकत्रित करेगा , जिसका निपटान निर्धारित स्थल पर किया जाएगा। इस अवसर पर ओपी श्रीवास परियोजना अधिकारी मनरेगा ज़िला पंचायत, श्वेता निगम ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन करकेली, अमित सिंह यादव उपयंत्री सेक्टर किरन्तालकला, शिवम असाटी , डॉ.श्री विकराल सिंह भदौरिया , शैलेंद्र दुबे , वीरेन्द्र दुबे , शिव मंगल सिंह उपस्थित रहे।

## बाबू और फर्जी फर्म संचालक पर शिकंजा कसने की तैयारी

# खनिज मद घोटाले का जिन्न फिर बाहर

**उमरिया।** खनिज मद की राशि मूल रूप से जिले के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आती है, कौशल साकेत और कथित फर्म संचालक इस घोटाले के मूल अपराधी हैं, जबकि अफसरों की मिलीभगत ने इस अपराध को संभव बनाया। कौशल साकेत जैसे भ्रष्ट कर्मचारियों और मिलीभगत करने वाले अफसरों ने अपनी जेबें भरने में उड़ा दिया। जिले के स्वास्थ्य महकमे में दबे-छिपे 10 साल पुराने घोटाले का जिन्न आखिरकार एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। वर्ष 2016-17 के आस-पास जिले के स्वास्थ्य विभाग में बिना खरीदी और बिना किसी ठोस प्रक्रिया के लाखों रुपये आहरित कर लिए गए थे। अब इसी मामले को लेकर रीवा लोकायुक्त की टीम ने जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में दबिश दी और खनिज मद सहित अन्य खातों से जुड़े दस्तावेज खंगाले। टीम की अचानक मौजूदगी ने न केवल कार्यालय बल्कि जिला अस्पताल परिसर तक में हडक्रंप मचा दिया। इस पूरे मामले का सबसे बड़ा चेहरा स्वास्थ्य विभाग का वही 'नोटों का जोंक' कौशल साकेत बताया जा रहा है, जिसने बिलिंग के इस गोरखधंधे में कई कर्मचारियों और अधिकारियों को लपेटा था। आज एक दशक बाद भी यह नाम विभागीय गलियारों में भ्रष्टाचार और गबन का पर्याय बन चुका है। सूत्रों का कहना है कि इस पूरे खेल में विभाग के बड़े बाबू संतोष शुक्ला से लेकर तात्कालिक सीएमएचओ डॉ. एम.पी. तिवारी तक की संलिप्तता रही है। लोकायुक्त टीम की छानबीन में इन दोनों के साथ-साथ अन्य बाबुओं और संविदा कर्मचारियों पर भी शिकंजा कसने की पूरी संभावना है।



### बिना खरीदी के उठाए लाखों

जानकारी के मुताबिक 2016-17 में स्वास्थ्य विभाग ने खनिज मद की राशि से दवाइयों और अन्य सामग्रियों की खरीदी दर्शाई। लेकिन हकीकत यह थी कि ज़मीनी स्तर पर कोई खरीदी हुई ही नहीं। फाइलों में फर्जी बिल लगाए गए, और भुगतान सीधे एक कथित फर्म के खाते में कर दिया गया। सूत्र बताते हैं कि इस फर्म का मालिक कौशल साकेत का खास था, और कमीशनखोरी के नाम पर पूरा लेन-देन महज कागजों में निपटा दिया गया। चर्चा यह भी है कि जब सामान खरीदा ही नहीं गया, तो बिल सौ प्रतिशत फर्जी थे। इस लिहाज से पैसा भी सीधे फर्म संचालक की जेब में गया होगा। इस गोरखधंधे में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ही करोड़ों का खेल खेला गया। अब लोकायुक्त टीम इस फर्म संचालक को भी रडार पर लेने की तैयारी में है।

### शिकायती पत्रों से लेकर लोकायुक्त तक

पिछले 10 वर्षों में इस मामले की शिकायतें कई बार उठीं। कभी स्थानीय स्तर पर नागरिकों ने शिकायती पत्र लिखे, तो कभी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन तक दस्तक दी। बावजूद इसके कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी गई। लेकिन लगातार शिकायतों और भ्रष्टाचार के खिलाफ उठती आवाज़ों ने लोकायुक्त को आखिरकार कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। रीवा से आई लोकायुक्त टीम ने हाल ही में उमरिया में दस्तावेज खंगाले और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कई फाइलों को अपने कब्जे में लिया। साथ ही विभागीय कर्मचारियों से पूछताछ कर प्रारंभिक जानकारी जुटाई। टीम की अचानक एंट्री से पूरे महकमे में सन्नाटा पसर गया और घोटाले में शामिल लोग सांसें थामे बैठे हैं।

### घोटाले का मुख्य खिलाड़ी

कौशल साकेत को विभागीय गलियारों में 'नोट का जोंक' कहा जाता है। जिस भी खाते या मद में पैसा आया, वहां से किस तरह रकम बाहर निकालनी है, इसमें उसे महारत हासिल थी। यही वजह रही कि वह 2016-17 में खनिज मद से हुई फर्जी खरीदी का सबसे बड़ा सूत्रधार बना। सूत्र बताते हैं कि उसने फर्जी बिल बनवाने के लिए स्थानीय स्तर पर कथित फर्मों के नाम का सहारा लिया। इन फर्मों के मालिक उसके 'कमिशन नेटवर्क' के हिस्सेदार बने। सामान खरीदे बिना ही बिल पास करवाना और फिर खाते में राशि डालकर उसे कैश में बदलवाना—यही उसकी कार्यशैली थी।

### विभागीय अफसरों की मिलीभगत

अगर यह पूरा खेल कौशल साकेत अकेले खेल पाता तो शायद मामला इतना बड़ा न होता, लेकिन असल में इस गोरखधंधे के पीछे विभागीय अफसरों की मौन सहमति थी। तात्कालिक सीएमएचओ डॉ. एम.पी. तिवारी और बड़े बाबू संतोष शुक्ला जैसे नाम इस गोरखधंधे में गहराई तक लिप्त बताए जा रहे हैं। बिना उनके दस्तखत और आदेश के कोई भी भुगतान संभव ही नहीं था। आज जबकि लोकायुक्त ने इस मामले में फाइलें खंगालनी शुरू कर दी हैं, विभागीय गलियारों में यह चर्चा आम है कि आने वाले दिनों में इन अफसरों और बाबुओं पर सख्त कार्रवाई हो सकती है।

### फर्म संचालक भी घेरे में

कौशल साकेत ने जिन फर्मों के नाम से फर्जी बिल लगवाए थे, उनके मालिक अब सीधे लोकायुक्त की रडार पर हैं। माना जा रहा है कि जब सामान खरीदा ही नहीं गया, तो बिल बनाना ही अपराध है। ऐसे में फर्म मालिकों ने भी इस पूरे घोटाले में सक्रिय भूमिका निभाई। चर्चा यह है कि फर्म संचालक के खाते में मोटी रकम पहुंची, जिसे कमीशन में बांटकर बाकी रकम कौशल साकेत और उसके आका अफसरों तक पहुंचाई गई।

### इनका कहना है...

यह मामला पुराना है और लोकायुक्त टीम ने केवल कुछ कागजी फाइलें मांगी हैं। विभाग की ओर से जो भी आवश्यक दस्तावेज होंगे, उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में विभाग पूरी तरह लोकायुक्त की जांच में सहयोग करेगा।

**डॉ. व्ही.एस.चंदेल**
**सीएमएचओ, उमरिया**

## जिले में खनिज विभाग की बड़ी कार्यवाही



**उमरिया।** कलेक्टर ने खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु जिले में कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे , निर्देश के परिपालन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस.आर्मो मय अमला द्वारा आम-जन से अवैध कोयला परिवहन की शिकायतों को संज्ञान में लिया जाकर तहसील बांधवगढ़ अंतर्गत सिविल लाईन चौकी भरौली के सामने राष्ट्रीय राज्यमार्ग 43 पर आकस्मिक रूप से जॉच नाका लगाया जाकर खनिज परिवहन कर रहे वाहनों को चेक किया गया। मौके पर दोनों वाहनों चालकों जिनके नाम क्रमशः रघुवीर यादव पिता श्री संतुलाल यादव, निवासी ग्राम पनौठा जिला छतरपुर (म.प्र.) एवं विकास यादव पिता शिवशंकर यादव, निवासी पूरे सेवकी सूरजकुंडा जिला रायबरेली (उ.प्र.) के पास खनिज कोयला परिवहन संबंधी कोई भी विधिमान्य दस्तावेज नहीं थे, चालकों द्वारा बताया गया कि उक्त कोयला जिला शहडोल के तहसील बुढार से लाया जा रहा था। कोयला किस स्थल से उत्खनन कर वाहनों में लोड किया गया है इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नही है, चालकों को बुढार में वाहन मय कोयला प्राप्त हुये, जिसकी वजन/तौल उनके मालिक के कहने पर तहसील बुढार स्थित ग्राम बटुरा से कराई गई। वाहन में लोड खनिज कोयला परिवहन के विधिमान्य दस्तावेजों के अभाव में तथा वैध खदान से कोयला उत्खनन / परिवहन न किया जाकर जिला शहडोल के किसी क्षेत्र से उत्खनन/परिवहन किये जाने के परिणाम स्वरूप वाहन मय कोयला को जप्त कर सिविल लाईन चौकी भरौली में अभिरक्षार्थ रखवाया गया। प्रकरणों मंय म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## 26 सितंबर तक किया जाएगा शिविरों का आयोजन

**उमरिया।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए हितग्राही मूलक योजनाओं का सेचुरेशन कैंप आयोजित किया जाना है। सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि विकासखंड स्तर पर 26 सितंबर तक गावों में कैंप का आयोजन कर शेष बैकलॉग कार्ड शत प्रतिशत बनाना सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में विकासखंड स्तर से अवश्यकतानुसार कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिदिन बीपीएम सायं 5 बजे तक रिपोर्ट संधारित कर जिला स्तर पर भेजना सुनिश्चित करेगे। उन्होंने समस्त मुख्य/खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अपने विकासखंड अंतर्गत आने वाले समस्त गांवों में निवासरत वंचित जनजातीय हितग्राहियों की पहचान कर मैदानी कार्यकर्ता जैसे कि एएनएम/आशा पर्यवेक्षक/आशा कार्यकर्ताओं से समन्वय कर तथा उन्हें चिन्हित कर शिविर तक लाने, शिविर में लाभ दिलाए जाने व उनकी सूची कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी ....















## नवरात्र के प्रारंभ होते ही पूरे नगर में बना भक्ति का माहौल



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नवरात्र के प्रारंभ होते ही पूरे नगर में भक्ति का माहौल बना हुआ है सुबह से ही नगर की गलियों चौराहा में देवी भजनों की गूंज सुनाई देने शुरू हो जाती है जो देर रात तक चलती है। हर कोई माता की भक्ति में ली नजर आ रहा है। नगर के पंचायती मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को नगर के पंचायती मंदिर में कन्याओं का पूजन करते हुए बैठक कन्या भोज कराया गया और उसके उपरांत कन्याओं को उपहार भी दिए गए। मंदिर के पुजारी कुंज बिहारी मिश्रा ने बताया कि कन्या भोज का आयोजन मंदिर समिति एवं भक्तों के सहयोग से प्रथम दिन से ही शुरू हो जाता है।

### आज से चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि शालेय दिव्यांग 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड तैयार करने एवं सहायक उपकरण प्रदाय करने के उददेश्य से जिले के विकासखंडो में एल्मिकों एवं जिला मेडिकल बोर्ड के सहयोग से चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करकेली विकासखंड में 25 सितंबर को शासकीय कालरी बालक उमावि में , शासकीय सांदिपनी उमावि मानपुर में 26 सितंबर को तथा बीआरसी भवन पाली में 27 सितंबर को शिविर का आयोजन किया गया है ।

## कोर्ट की आड़ में प्रबंधन का खेल, बोनस को लेकर होगा आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** कोयला मजदूर सभा एच एम एस के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी कामगारों को जानकारी दी गई कि बोनस को लेकर 22 सितंबर को प्रबंधन और श्रमसंगठन के बीच मनकीकरण समित की बैठक होना निश्चित था लेकिन बैठक के पूर्व कोलकाता हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के फैसले ने प्रबंधन और पर्दे के पीछे से कुछ श्रम संगठन को खेल खेलने का मौका मिल गया। परिणाम यह हुआ कि बोनस की मीटिंग स्थगित हो गई जिससे दो लाख बीस हजार कामगारों को मिलने वाला त्यौहारी बोनस अधर में चला गया जबकि कोर्ट ने बोनस पेमेंट पर रोक नहीं लगाई है प्रबंधन चाहे तो अग्रिम राशि के रूप में कामगारों को बोनस का भुगतान कर सकती है लेकिन अभी भी कामगारों के बीच उहापोह की स्थिति बनी हुई है और प्रबंधन आंख मिचौली का खेल खेलने में मस्त है। कोलकाता हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के फैसले को डबल बेंच में चैलेंज करना एक सोची समझी रणनीत का हिस्सा है एवं कामगारों को बोनस के लिए वंचित रखने का असफल प्रयास है जिसका संगठन घोर विरोध करता है आखिर किसी संगठन के आंतरिक विवाद में प्रबंधन को इतनी रुचि लेने की क्या जरूरत थी। एस ई सी एल के सम्मानित श्रमिक साथियों आपको निराश होने की कोई जरूरत नहीं है कोयला मजदूर सभा एच एम एस के टॉप लीडर इस पर नजर बनाए हुए है और निरंतर प्रबंधन के संपर्क में है तथा प्रबंधन को आगाह कर दिया गया है कि पूजा के पहले कोयला श्रमिकों को बोनस का भुगतान करना ही होगा। यदि प्रबंधन और कुछ श्रमसंगठन यदि पर्दे के पीछे से कोई नया खेल खेलने की कोशिश करेंगे एवं बोनस के भुगतान में बाधा उत्पन्न करेंगे तो कोयला मजदूर सभा एच एम एस पूरे एस ई सी एल के हर क्षेत्र एवं सभी खदानों में विशाल जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।



## शक्ति उपासना में विधि-विधान का महत्व- संदीप ज्योतिषी

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। नवरात्रि शक्ति और उपासना का पर्व है, जो श्रद्धा, भक्ति और साधना के माध्यम से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। विद्वान संदीप ज्योतिषी का कहना है कि मां दुर्गा की कृपा और करुणा भक्तों को उचित फल प्रदान करती है। श्रद्धा और भक्ति भाव से की गई उपासना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वर्षभर में चार बार चैत्र, आषाढ़, माघ और आश्विन शुक्ल पक्ष दृ नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। 'नवरात्रि' संस्कृत का शब्द है, जिसका अर्थ है 'नौ रातें'। यह पर्व अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है और आत्मनिरीक्षण, शुद्धि तथा आंतरिक परिवर्तन का समय भी है।**



### दुर्गा सप्तशती का महत्व

नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ विशेष महत्व रखता है। यह ग्रंथ मार्कंडेय पुराण का अंश है, जिसमें 700 श्लोकों के माध्यम से मां दुर्गा की महिमा का वर्णन किया गया है। इसे चंडी पाठ भी कहा जाता है। इसमें देवी के तीन प्रमुख स्वरूपों दृ महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती की स्तुति की गई है। प्रथम चरित्र मधु-कैटभ वध की कथा (महाकाली), मध्य चरित्र महालक्ष्मी की कथा, उत्तर चरित्र शुंभ-निशुंभ व महिषासुर वध की कथा (महासरस्वती)। दुर्गा सप्तशती पाठ की शुरुआत कवच, अर्गला, रहस्य आदि छह अंगों से होती है। इसके बाद 13 अध्यायों का पाठ किया जाता है। अंत में रात्रि सूक्त और देवी सूक्त का पाठ आवश्यक है। दुर्गा सप्तशती पाठ के आरंभ और अंत में 108 बार नवार्ण मंत्र का जाप करना चाहिए। यह मंत्र दुर्गा सप्तशती की आत्मा माना गया है। साथ ही, आरंभ में बटुक भैरव की पूजा और अखंड दीप प्रज्वलित करना अनिवार्य है।

### कुमारी पूजन का महत्व

नवरात्र अनुष्ठान में कुमारी पूजन विशेष फलदायी है। 2 से 10 वर्ष की नौ कन्याओं का पूजन करना चाहिए। ब्राह्मण कन्या मनोरथ सिद्धि, क्षत्रिय कन्या यश, वैश्य कन्या धन, शूद्र कन्या संतान सुख मिलेगा। दुर्गा सप्तशती पाठ में एक से अधिक आवृत्ति होने पर कवच, अर्गला आदि का पाठ केवल प्रथम आवृत्ति में ही करें। साधक को प्रत्येक अध्याय के अंत में "अस्तु यजमानस्य काम" उच्चारण करना चाहिए। देवी की स्थापना दक्षिण दिशा में करने से कल्याण, पूर्व में प्रतिष्ठा और पश्चिम में कामना सिद्ध होती है। उत्तर दिशा में स्थापना वर्जित है। रात 11 बजे से 3 बजे तक हवन व आराधना करना विशेष फलदायी है। व्रतधारी को दिन में एक बार फलाहार करना चाहिए, भूमि पर शयन करना चाहिए और तामसिक आहार से बचना चाहिए।

## 3 नाबालिग बालिकाओं को रामनगर पुलिस ने किया दस्तयाब

### परिजनों में खुशी का माहौल, पुलिस अधीक्षक करेंगे पुरस्कृत

**हरिभूमि न्यूज राजनगर। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना राजनगर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से गुम/अपहृत तीन नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया।**



**प्रकरण नंबर 1**
13 सितम्बर को अपराध क्रमांक 247/25 धारा 137 (2) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज प्रकरण के तहत अपहृत बालिका कुमारी रानी पनिका (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष 07 माह, निवासी फूलकोना को पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर 24 अगस्त को कोतमा से दस्तयाब किया।

**प्रकरण नंबर 2**
11 जून को दर्ज अपराध क्रमांक 160/25 धारा 137(2) बीएनएस में गुम 17 वर्षीय बालिका कुमारी राधा केवट (परिवर्तित नाम) निवासी कुहका को हैदराबाद से सकुशल दस्तयाब किया गया। इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम भी घोषित किया गया था।

**प्रकरण नंबर 3**
19 सितम्बर को दर्ज अपराध क्रमांक 251/25 धारा 137(2) बीएनएस में गुम 17 वर्षीय बालिका कुमारी कविता चौधरी (परिवर्तित नाम) निवासी सेमरा को थाना मरवाही क्षेत्र स्थित रिश्तेदारी से दस्तयाब किया गया। नवरात्रि पर्व के दौरान हुई इस महत्वपूर्ण कार्रवाई से परिजनों में खुशी का माहौल है तथा आमजन ने राजनगर पुलिस की सराहना की है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी राजनगर सुमित कौशिक, उप निरीक्षक फूलवती, सहायक उप निरीक्षक उमेश तिवारी, सहायक उप निरीक्षक विनोद नाहर, प्रधान आरक्षक राहुल प्रजापति, महिला आरक्षक पूजा, सीमा, साइबर सेल अनूपपुर से राजेन्द्र अहिरवार एवं पंकज मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

## सात प्रशिक्षु देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वन खेल प्रतियोगिता हेतु चयनित



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत जैव विविधता प्रशिक्षण केंद्र, ताला में चल रहे 60वें वन रक्षक प्रशिक्षण सत्र की दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन समारोह बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया के क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता दिनांक 22 सितंबर को प्रारंभ हुई। महिला वर्ग में 8 खेलों तथा पुरुष वर्ग में 11 खेलों को सम्मिलित करते हुए प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई तथा समापन समारोह में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पुरुष वर्ग में सर्वाधिक चार पदक शिव प्रताप राजावत एवं नवराज सिंह तथा महिला वर्ग में सर्वाधिक आठ पदक सुश्री प्रीति दुबे ने प्राप्त किए।जैव विविधता प्रशिक्षण केंद्र, ताला में वर्तमान में चल रहे 60वे वन रक्षक प्रशिक्षण सत्र में कुल 36 वन रक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिनमें 7 महिला प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं। वर्तमान सत्र के सभी वन रक्षक प्रशिक्षु खेल गतिविधियों में बढ़ चढ़ के भाग ले रहे हैं। दिनांक 4 सितंबर तथा 5 सितंबर को शहडोल में आयोजित दो दिवसीय वृत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रशिक्षण केंद्र के 17 प्रशिक्षु 28वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। इन 17 प्रशिक्षुओं द्वारा 19 से 21 सितंबर 2025 तक भोपाल में आयोजित हुई 28वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया गया जिसमे से 7 प्रशिक्षु प्रीति दुबे,रचना जादौन,संगीता अहिरवार, सुनीता यादव,आकाश कौरव, जितेंद्र कुशवाहा,प्रताप नारायण मिश्रा, देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वन खेल प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए।

खबर संक्षेप

## त्यौहार के मद्देनजर मिठाई दुकानों की जांच हेतु दल गठित

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर कटनी शहर में मिष्ठान भंडार एवं खोवा की दुकानों की खाद्य सामग्री की जांच हेतु दल गठित किया है। गठित दल में तहसीलदार कटनी नगर आशीष अग्रवाल और खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी, नगर निगम के वार्ड क्रमांक 31 से वार्ड 45 में स्थित मिठाई दुकानों एवं खोवा दुकानों की जांच करेंगे। जबकि नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश साहू कटनी शहर के वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक और नायब तहसीलदार बड़वारा ऋषि गौतम व खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा कटनी शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 15 में स्थित दुकानों की जांच करेंगे और प्रत्येक दिन में की गई कार्यवाही से अवगत करायेंगे।

## इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के लिए कराएं पंजीयन

**कटनी।** राज्य में म.प्र. कौशल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल्स में प्रतियोगिता का आयोजन पंजीयन के आधार पर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। विश्व कौशल अतंर्राष्ट्रीय द्वारा प्रत्येक दो साल में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता 'ऑलंपिक के समान' का आयोजन सदस्य देशों में से एक देश में किया जाता है। वर्ष 2024 में यह प्रतियोगिता ल्योन, फ्रांस में आयोजित की गई थी एवं आगामी प्रतियोगिता सितंबर 2026 में सांघाई चीन में आयोजित की जाएगी। उक्त अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन प्रथम स्तर पर मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माणबोर्ड द्वारा आयोजित राज्य कौशल प्रतियोगिता 2025 और द्वितीय स्तर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय एवं नेशनल कौशल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2025 द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए एसआईडीएच पोर्टल Skillindiadigital.gov.in पर 30 सितंबर 2025 तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। पंजीयन हेतु केवल आयु सीमा 16 से 22 वर्ष एवं कुछ स्किल्स में 25 वर्ष है।

## कक्षा 9वी व 11वीं में प्रवेश के लिए 7 अक्टूबर तक मौका

**बड़वारा।** जवाहर नवोदय प्राचार्य ने बताया कि कक्षा नवमी एवं 11वीं (सत्र 2026 - 27 ) में रिक्त सीटों पर चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। उम्मीदवार लिंक पर जाकर निशुल्क आवेदन कर सकते हैं । कक्षा 9वीं कक्षा 11वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## अग्रसेन जयंती पर खिचड़ी का किया वितरण

**कटनी**अग्रसेन महाराज की जयंती के अवसर पर श्री राजस्थानी मारवाड़ी समाज रजिस्टर्ड तथा सहयोगी इकाई राजस्थान नवयुवक मंडल स्थापित वर्ष 1954 के द्वारा दो दिवसीय आयोजन किया गया प्रथम दिवस पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर पूर्वजों की याद में मेन रोड दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के समक्ष खिचड़ी का वितरण आम जनों को किया गया जिसे सैकड़ो लोगों द्वारा ग्रहण किया गया इसी प्रकार अग्रसेन जयंती के दिवस आयोजित महाराजा अग्रसेन जी की शोभा यात्रा का भी उक्त द्वय संस्था के सदस्यों ने स्वागत करते हुए अग्रसेन महाराज की पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण व सामाजिक बंधुओं को फल का जूस वितरित किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ एवं अग्रवाल समाज तथा मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष पवन मित्तल सुरेंद्र अग्रवाल तथा मुरली मनोहर अग्रवाल आदि ने उपस्थित जनों का अभिनंदन किया उक्त दोनों कार्यक्रम में राजस्थानी मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ श्री राम गोयनका, श्याम सुंदर खंडेलवाल, राजू अग्रवाल गोपाल शर्मा केशव दास गट्टानी, कृष्ण कुमार खेमका सहित गोपाल सिंघानिया, मनीष सेकसरिया, जितेंद्र सिंघानिया, अभिनंदन शर्मा, राघव गोयनका, अमित बजाज सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया







### शोभायात्रा डीजे की धुन पर, सांस्कृतिक कार्यक्रम से दिखा उत्सव, मुख्य अतिथि पदम खेमका बोले– अग्रवाल भवन हेतु भोपाल में करूंगा प्रयास

धनपुरी।

नगर में अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय जयंती महोत्सव सोमवार को अनंत उत्सव पैलेस (बरातघर) में गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। अग्रसेन महिला मंडल और समाज के वरिष्ठजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।शोभायात्रा का भव्य आयोजनशाम 6 बजे नगर के मध्य स्थित श्री राधा कृष्ण शिव मंदिर से महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा निकाली गई। फोर-व्हीलर वाहनों के काफिले के साथ महिलाएं, पुरुष और बच्चे "महाराजा अग्रसेन की जय" के नारे लगाते हुए और झंडे लहराते आगे बढ़े। यात्रा आजाद चौक पहुंची, जहां बृजवासी अग्रवाल, मथुरा अग्रवाल और गोविंद अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन की आरती उतारी।रास्ते में श्रद्धालुओं का स्वागत शोभायात्रा में शामिल लोगों का आजाद चौक पर फल और जूस से किया गया। शोभायात्रा माइकल चौक और इमामबाड़ा होते हुए अनंत उत्सव पैलेस में समाप्त हुई।अतिथियों का स्वागतमुख्य अतिथि पदम खेमका और विशिष्ट अतिथि डॉ. एन.के. अग्रवाल का स्वागत महिला मंडल की ओर से शाल-श्रीफल भेंट कर किया गया। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी के छायाचित्र पर अतिथियों और समाजजनों ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर नंदकिशोर अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, आरती अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, लता अग्रवाल, मथुरा प्रसाद अग्रवाल, भारती अग्रवाल, राजू अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, केदार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।उद्बोधन में बोले मुख्य अतिथिमुख्य अतिथि पदम खेमका ने कहा –"महाराजा अग्रसेन जयंती पर समाज की एकजुटता और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम मन को बहुत भाए। अग्रवाल समाज का भवन अपना सपना है, इसके लिए मैं प्रयास करूंगा।"सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रममहोत्सव में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने रंगारंग खेलों व प्रस्तुतियों से लोगों का दिल जीत लिया। मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें विजेताओं को समाज की ओर से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं के आकर्षक परिधान भी शोभायात्रा में विशेष चर्चा का केंद्र बने – महिलाएं रानी कलर और पुरुष पीले वस्त्रों में नज़र आए।पुरस्कार वितरण महिला मंडल ने बच्चों की ड्रॉइंग, डांस, आटा से व्यंजन सजाओ, आटा से व्यंजन बनाओ, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं कराईं।नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मंच पर शानदार प्रस्तुति दी, जिनका तालियों से उत्साहवर्धन किया गया। 6 दर्जन से अधिक पुरस्कार बांटे गए।अध्यक्ष और महिला मंडल के विचारकार्यक्रम अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा – "समाज की सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा,आगे भी इसी सहयोग की उम्मीद है।" महिला समिति अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा में महिलाओं और पुरुषों का पारंपरिक परिधान आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रकार अग्रवाल समाज का दो दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक रंग और सामूहिकता का अद्भुत संगम बन गया।



## दुर्गा समितियों के द्वारा झांकी, एवं प्रतिमाओं को दशहरा प्रांगण में आमंत्रित करने के संबंध में नगर परिषद में बैठक

**बुढार।** नगर में स्थापित दुर्गा समितियों के अध्यक्षों के साथ बुधवार को नगर परिषद सभागार में झांकी एवं दुर्गा प्रतिमाएं को दशहरा प्रांगण में आमंत्रित करने हेतु बैठक बुलाकर विचार विमर्श किया गया। दशहरा समिति संयोजक श्रीमती शालिनी सरावगी एवं सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव,दशहरा अध्यक्ष सोनू आहुजा के द्वारा नगर के समस्त दुर्गा पंडालों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर उन्हें दशहरा प्रांगण में अपने स्थल से प्रतिमाओं एवं झॉकियों बनाकर दशहरा कार्यक्रम स्थल लाने एवं शोभायात्रा का स्वागत करने हेतु विचार विमर्श किया गया जिसमें 10 समितियों ने अपनी अनूमति प्रदान की है।

**राम-जानकी मंदिर से निकलेंगी चलित शोभायात्रा**

शारदेय नवरात्र के बाद 2 अक्टूबर दशहरा को श्रीराम जानकी मंदिर से शाम 5 बजे बाहर से आये हुए कलाकारों के द्वारा चलित झांकी निकाली जायेगी जो नेहरू पार्क, कोतमा रोड होते हुए दशहरा कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी जिसका जगह-जगह स्वागत करने का नगर वासियों से आग्रह किया है।

समिति संयोजक श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहा कि सभी समिति झांकी, समाजिक, पर्यावरण, धार्मिक ऊर्जा के साथ समाज के कुरीतियों को दूर करने वाले राष्ट्र भक्ति से संबंधित झांकियां प्रस्तुत करें जिन्हें कार्यक्रम स्थल से सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में रवि रजक, योगेन्द्र सिंह,अभय शुक्ला,आशीष गुप्ता, साहिल ताम्रकार, गुलशन माखीजा,अतुलेद शुक्ला, हर्ष पाठक, रिंकू पाण्डेय,पारस बैगा, संजू प्रजापति, राहुल चंदा,लखन सिंह,बीजेंद सिंह, अभिलाषा ताम्रकार, अभय गुप्ता, प्रहलाद कश्यप, कमलेश पांडेय, नित्यानंद सहित विभिन्न दुर्गा समितियों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## महिलाओं को श्री विधि से धान उत्पादन एवं पशुपालन का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमंगवा में स्व-सहायता समूह 33 महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

# छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षकों की महती भूमिका : कुलगुरू प्रो. रामशंकर









### राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस एवं गुणाकार मुले राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत प्राध्यापक डॉ आर.एस. नापित का किया गया सम्मान

बुढार।

शासकीय नेहरू स्नाकोत्तर महाविद्यालय बुढार में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस एवं गुणाकार मुले राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर.एस. नापित का सम्मान गरिमामय कार्यक्रम के मध्य शाल श्रीफल व पुष्पहार से कर किया गया। पं. शंभूनाथ शुक्ला, विश्वविद्यालय शहडोल के के कुलगुरु प्रो. रामशंकर की मुख्यातिथ्य में तथा जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी, पूर्व कुलपति प्रो. मुकेश तिवारी, नगर पालिकाध्यक्ष धनपुरी श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा, नगर परिषद बुढार अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, कुल सचिव डॉ. आशीष तिवारी, एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अभिमन्यु प्रसाद, गुणाकार मुले राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित डॉ. राधेश्याम नापित, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र भटनागर, शासकीय महाविद्यालय भागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन के विशिष्ट आतिथ्य तथा बुढार महाविद्यालय की प्रचार्य प्रो. गंगा मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथ्य कुलगुरु प्रो. रामशंकर जी ने - छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षकों की महती भूमिंका है और शिक्षक उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से भरपूर लाभान्वित कराने तत्पर हैं। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहाकि - राष्ट्रीय सेवा योजना शिक्षा के आदर्श वाक्य के साथ युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में अपनी अहम भूमिंका निभा रहा है जो अति उपलब्धि पूर्ण है। कुलगुरु प्रो रामशंकर जी ने कहाकि - महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आर.एस. नापित ने गुणाकर मुले राष्ट्रीय सम्मान हासिल कर प्रदेश में अपना नाम रोशन किया है तथा प्रदेश के साथ - साथ संभाग को गौरवान्वित कराया है, यह उनकी प्रशंसनीय उपलब्धि है। कुलगुरु ने कहाकि - संभाग के शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक, स्वविकास तथा शोध को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पूरे मनोयोग से कार्य किया जा रहा है, और योग से आध्यात्मिक चेतना की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, जिसका सार्थक परिणाम हासिल होगा। विशिष्ट अतिथि जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने कहाकि - राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक चरित्र निर्माण में अपनी जवाब देही को भली - भांति निर्वहन कर रहे हैं, और प्रधानमंत्री एक्सीलेंस आफ शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार के प्रो. डॉ. आर.एस. नापित ने जीवन में संघर्ष का सामना करते हुए राष्ट्रीय स्तर की पुरस्कार से सम्मानित होने का सौभाग्य हासिल किये और यह सफलता उन्हें - कर्म जो करता है, ईश्वर उसे सफलता देता है, का अनुपमेय उदाहरण हम सभी के समक्ष है, वे निरंतर सफलता की ओर अग्रसर हो यह हमारी शुभकामना हैं। पूर्व कुलपति मुकेश तिवारी ने कहाकि - राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम नापित ने वैज्ञानिकी एवं प्राविधिक लेखन में हिंदी की उपयोगिता और उसकी व्यवहारिकी को प्रतिष्ठित करने हेतु उन्हें राष्ट्रीय सम्मान मिला है, जो हम सभी के लिए गौरवपूर्ण हैं। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहाकि - एन.एस.एस. के स्वयं सेवक समाज में अपना अतुलनीय योगदान दे रहे हैं, जो स्वागत योग्य एवं प्रसंसनीय है। शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष निलेश जैन ने छात्रों का उत्साह प्रेरक गीत के माध्यम से करते हुये कहाकि - बुढार महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है, वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अतुल सेन की अगवाई में स्वयं सेवक चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, और महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री राधेश्याम जी ने राष्ट्रीय पुरस्कार अर्जित कर महाविद्यालय को प्रदेश में गौरवान्वित कराया है यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉ. गंगा मिश्रा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहाकि - बुढार महाविद्यालय का नाम प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम नापित ने गुणाकार मुले राष्ट्रीय पुरस्कार अर्जित कर गौरवान्वित किया है, यह सहज पुरस्कार नहीं है उनकी लगन कर्तव्यनिष्ठा व अनवरत संघर्ष का यह पुरस्कार है, जिससे महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक भी गौरवान्वित हो सके हैं। कार्यक्रम अवसर पर गुणाकार मुले राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ. राधेश्याम नापित ने कहाकि - आर्थिक स्थितियों का सामना करते हुये लक्ष्यों को लेकर सतत - प्रयत्नशील रहा और गुरुओं, माता - पिता तथा वरिष्ठ प्राध्यापको व स्नेहियो का भरपूर सम्मान मिला जिसके फलस्वरुप राष्ट्रीय पुरस्कार अर्जित हो सका, जिसका वास्तविक श्रेय स्नेहियों को भी जाता है। कार्यक्रम अवसर पर मुख्यातिथ्य एवं अतिथियों ने डॉ. नापित द्वारा रचित किताब का विमोचन किया गया, वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने स्वागत गीत तथा मनोहरी कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार उपाध्याय ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राध्यापक डॉ. नागमणि मानिकपुरी ने सभी के प्रति व्यक्त किया।

कार्यक्रम अवसर पर श्रीमती संध्या नापित, पार्षद श्रीमती सुमित्रा नामदेव, संजय नैनानी, डॉ. शिवमूरत प्रजापति, डॉ स्वाकलीन खान, डॉ आई.के. बेक, डॉ मनोज कुजूर, डॉ. अनूप सेन, डॉ ममता द्विवेदी, दीपा सिंह, कमलेश प्रजापति, दिनेश वर्मा, प्रो. जयशंकर सिंह, दीपक पटेल, रानी पटेल, अतिथि विद्वान डॉ सोमा मिश्रा, डॉ.बी.एन. उपाध्याय, डॉ नृपेन्द्र सिंह कर्चुली, एस.पी साहु, रमेश वर्मा, अजीत कुमार साहू, हेमंत द्विवेदी, रितेश जैन,देवीदीन, टीकम सिंह, अजय जैन की उपस्थिति रही।

### सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा और निर्माण जारी

# मानपुर में भू-माफियाओं का हौसला बुलंद





मानपुर।

**नगर मुख्यालय में शासन की बेशकीमती सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं का कब्जा लगातार बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मानपुर के अस्थाई बस स्टैंड के सामने स्थित सिंचाई विभाग की जमीन, जिस पर वर्षों पहले विभाग द्वारा एक रेस्ट हाउस बनाया गया था, अब पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है। इसके अलावा आसपास की अतिरिक्त जमीन भी विभागीय कॉलोनी के लिए निर्धारित थी, जिसमें संबंधित कर्मचारी रहते थे। लेकिन भूमाफियाओं ने जिम्मेदारों की आंखों में धूल झोंकते हुए इस जमीन को अपने कब्जे में ले लिया।**

सबसे चिंताजनक मामला पीडब्ल्यूडी विभाग की जमीन पर पुराने सरकारी कुएं को पाटकर मकान निर्माण का है। आराजी खसरा क्रमांक 735/1/1/1/3 पर दर्ज इस कुएं को निस्तोनाबूत करके वहां एक व्यक्ति ने पूरी निडरता के साथ स्थाई भवन निर्माण शुरू कर दिया। शिकायत के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी और प्रशासनिक तंत्र इस पर गंभीर नजरअंदाज कर रहे हैं।

जानकारों और रिटायर्ड विभागीय कर्मचारियों के अनुसार, यह जमीन स्टेट हाईवे पर स्थित है, जो नगर मुख्य मार्ग से ताला-उमरिया मुख्य मार्ग तक जुड़ती है। प्रतिदिन यहां प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अन्य जिम्मेदारों की निरंतर आवाजाही होती है, बावजूद इसके भूमाफियाओं ने खुलेआम अवैध कब्जा कर लिया है। उल्लेखनीय है कि पहले इस भूमि पर पीडब्ल्यूडी विभाग का हटमेंट था, जहां विभाग के ओवरशियर रहते थे और सामने विभागीय कर्मचारी भी निवास करते थे।

स्थानीय लोग और विभागीय जानकार सवाल कर रहे हैं कि यह अवैध कब्जा और निर्माण किसकी सहमति से हो रहा है। भूमाफियाओं की यह निर्भीक हरकत न केवल शासन की जमीन को खतरे में डाल रही है, बल्कि नगर प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी पर भी प्रश्नचिन्ह लगा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर इस तरह अवैध कब्जा और निर्माण को रोका नहीं गया, तो नगर के महत्वपूर्ण हिस्सों में भू-माफियाओं का बोलबाला और बढ़ेगा। इसके साथ ही शासन की जमीनों की सुरक्षा और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गहरा सवाल उठता है।

लोगों ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संवेदनशील कलेक्टर महोदय से तात्कालिक कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि न केवल इस अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए, बल्कि संबंधित व्यक्ति और जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। विशेषज्ञों का भी मानना है कि यदि ऐसी अवैध गतिविधियों को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया, तो भविष्य में नगर मुख्यालय और प्रमुख मार्गों पर शासन की जमीनें लगातार खतरे में रहेंगी। इसके लिए प्रशासन को न सिर्फ सतर्क होना होगा, बल्कि जमीनों के कब्जाधारियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करना आवश्यक है। मानपुर में यह मामला स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भूमाफियाओं का हौसला प्रशासनिक लापरवाही और जिम्मेदारों की अनदेखी से बुलंद हो गया है। अब सवाल यह है कि क्या शासन और प्रशासन समय रहते इन पर अंकुश लगा पाएंगे, या यह खेल और आगे बढ़ता रहेगा।



## आंगनबाड़ी में खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगा दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**पोषण माह के तहत विभिन्न गतिविधियों का हो रहा आयोजन**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत परियोजना बड़वारा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मिट्टी/पेपर खिलौने, स्टोरी टेलिंग एक्टिविटी आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं पोषण माह अंतर्गत स्थानीय उत्पादों पर आधारित खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई गई। ज्ञातव्य होवे की दिनांक 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र में अलग-अलग थीम आधारित गतिविधियां आयोजित कराई जा रही हैं। उपरोक्त गतिविधियां परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में कराई जा रही है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में बड़वारा सरपंच श्रीमती सुनैना सिंह टेकाम की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने आज की पोषण प्रदर्शनी, में स्थानीय उत्पादो , पौष्टिक खाद्य पदार्थ के बारे में जागरूकता फैलाने, शाला पूर्व शिक्षा में स्वयं निर्मित स्वदेशी खिलौने को बढ़ावा देने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की सराहना की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यवेक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

## पवित्र नगरी अमरकंटक में विराजीं मां दुर्गा




**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** अमरकंटक नगर के प्रमुख चौराहों और स्थानों पर दुर्गा जी को विराजमान किया गया है, जिनमें से मारेगा दुर्गा उत्सव समिति का पंडाल सबसे आकर्षक है। इस पंडाल में मां जगत जननी देवी दुर्गा को विराजमान किया गया है और इसका मुख्य द्वार देखने लायक है। दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बनाए गए विशाल पंडाल में मां दुर्गा को विराजमान किया गया है। पंडाल का मुख्य द्वार बहुत ही आकर्षक है, जिस पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। अमरकंटक में 12 से 15 जगहों पर दुर्गा जी को रखा गया है और श्रद्धालु भक्तजन जन सहयोग से दुर्गा जी की स्थापना करते हैं और भक्ति भाव से पूजा-पाठ करते हैं। दुर्गा पूजा का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है और यह पर्व हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। दुर्गा पूजा के दौरान अमरकंटक की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराएं भी देखने को मिलती हैं। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का माहौल रहता है और वे बड़े ही उत्साह के साथ इस पर्व को मनाते हैं। अमरकंटक में दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जाता है और यह पर्व शहर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## अमरकंटक में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना



**अमरकंटक।** मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया दिन बुधवार को अमरकंटक में सायं कालीन से मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश की फुहारे गिरने लगी। बुधवार की शाम लगभग 4 बजे से अमरकंटक में बारिश का अनोखा रूप देखने को मिला। शाम से लगातार हो रही वर्षा से पूरा क्षेत्र ठंडक और ताजगी से भर गया। बाहर से आए पर्यटकों, श्रद्धालुओं के लिए यह मौसम बेहद सुहावना और मनमोहक साबित हो रहा है। राजस्थान के बीकानेर से अमरकंटक पहुंचे श्रद्धालु जय नारायण चतुर्वेदी ने बताया कि अमरकंटक का यह मौसम उन्हें ऐसा प्रतीत करा रहा है मानो वे रेगिस्तान से निकल कर बर्फीली वादियों में पहुँच गए हों। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक नज़ारे का आनंद उन्हें बड़ा प्रफुल्लित कर रहा है। हालाँकि बारिश के कारण दुर्गा पंडालों में भी सन्नाटा सा पसरा हुआ है। श्रद्धालु और देवी भक्त मौसम के बिगड़े मिजाज से चिंतित नज़र आ रहे हैं। यदि इसी तरह लगातार कई दिनों तक बारिश होती रही तो जलभराव, ठंड और भीगते हुए आवागमन से भक्तों को भारी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय के बाद अमरकंटक में ऐसा सुहाना और खुला मौसम दिखा था तो लगा कि बारिश निकल गई पर नजारा वही दिख रहा। श्रद्धालु, पर्यटक अमरकंटक के अनेक स्थलों का भ्रमण कर आनंदित हो रहे है साथ ही दर्शनीय स्थलों का भरपूर आनंद भी उठा रहे, लेकिन अचानक से बदलते मौसम ने अब अनिश्चितता पैदा कर दी है। फिलहाल अमरकंटक क्षेत्र में लोग उत्सुक हैं कि यह बारिश का दौर कितने समय तक जारी रहेगा और नवरात्रि महोत्सव पर इसका क्या असर पड़ेगा कोई पता नहीं। खबर लिखे जाने तक बारिश हो रही थी।

## अवैध रेत परिवहन करते पुलिस ने पकड़ा वाहन



**जैतहरी।** मुखबिर सूचना मिली की एक स्वराज कंपनी के ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 18 एबी 6292 का चालक गोबरी घाट से ट्रेक्टर ट्राली मे अवैध रेत परिवहन कर जैतहरी की ओर जा रहा है। मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई जहां एक स्वराज कंपनी के ट्रेक्टर मय नीले रंग ट्राली मे रेत भरा हुआ मिला जिसके चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम संतोष कुमार राठौर पिता रामगोपाल राठौर उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 पुरानी बस्ती जैतहरी थाना जैतहरी का बताया जिसके पास ट्रेक्टर ट्राली मे लोड रेत संबंधित कोई दस्तावेज नहीं पाया गया। उक्त ट्रैक्टर मय रेत को विधिवत जप्त कर आरोपी संतोष कुमार राठौर पिता रामगोपाल राठौर उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 पुरानी बस्ती जैतहरी थाना जैतहरी के खिलाफ कार्यवाही कर विवेचना की जा रही है।

## दफनाये गये मृतका के सड़न से दुर्गंध की फैली अफवाह

# जांच में मिला-मृत कुत्ते के शव से फैल रही थी बदबू

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के वार्ड क्रमांक-1 में कुछ दिन पूर्व एक 75 वर्षीय वृद्ध महिला का निधन हो गया था तब वृद्धा के परिवार में कोई भी सदस्य अथवा रिश्तेदार मौके से मौजूद नहीं था। ऐसी हालत में वार्ड वासियों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए वार्ड पार्षद को सूचना दी और मृतका के अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

पार्षद ने मामले को नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के संज्ञान में लाया। अध्यक्ष ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुए मुख्य नगर परिषद अधिकारी राममिलन तिवारी को निर्देशित किया कि वृद्धा का विधिवत अंतिम संस्कार नगर परिषद की देखरेख में कराया जाए। नगर परिषद टीम और स्थानीय लोगों ने संयुक्त प्रयास से विधि-विधान के अनुसार पंचनामा तैयार किया और गड्ढा खोदकर मृतका को सम्मानपूर्वक दफनाया। यह कार्यवाही नगर परिषद द्वारा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का उदाहरण भी साबित हुई। हालांकि, दफनाने के एक दिन बाद ही क्षेत्र में अचानक अफवाह फैल गई कि दफनाई गई लाश से दुर्गंध निकल रही है और उसके कारण आसपास का माहौल दूषित हो रहा है। सूचना मिलते ही नगर परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुँचे और जांच की। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि मृतका के दफन स्थल से किसी प्रकार की दुर्गंध नहीं आ रही थी, बल्कि कुछ ही दूरी पर पड़ा एक मृत कुत्ता सड़ने लगा था और उसी से बदबू फैल रही थी, तुरंत मुख्य नगर परिषद अधिकारी के निर्देश पर कर्मचारियों ने मृत कुत्ते के शव को हटवाया और पूरे स्थल की साफ-सफाई करवाई, साथ ही दफन स्थल पर कांटेदार झाड़ियाँ डलवा दी गईं। ताकि किसी भी जंगली जानवर द्वारा उस जगह को खोदने की कोशिश न की जा सके। नगर परिषद की इस त्वरित कार्रवाई से संभावित संक्रमण और गंदगी की स्थिति पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया। मृतका के दफन स्थल से कोई दुर्गंध नहीं आ रही थी। मृत कुत्ते के शव से ही बदबू फैल रही थी, जिसे तुरंत हीं ब्लीचिंग पाउडर डालकर दुर्गंध दूर करने का प्रयास किया गया। ज्ञात हो कि नगर परिषद जनहित और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और हर शिकायत पर तत्परता से कार्यवाही करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद की सजगता और तत्परता से क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति नहीं बनने पाई। अगर समय रहते कार्रवाई न होती तो बदबू और गंदगी के कारण बीमारी फैलने की आशंका बढ़ सकती है वहीं यह भी स्पष्ट कर दिया कि अफवाहों पर बिना पुष्टि के भरोसा करना समाज के लिए नुकसानदायक हो सकता है। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) ने भी अपील की है कि किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधे नगर परिषद को सूचित किया जाए।



## 2 अपहृत बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

जैतहरी।

11 सितंबर को फरियादी निवासी ग्राम गुंवारी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिक पुत्री 9 सितंबर को बिना बताये घर से कही चली गई है शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर अपहृता बालिका की पता तलाश हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। इसी प्रकार 21 सितंबर को फरियादी निवासी ग्राम अमगंवा ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग पुत्री 20 सितंबर को बिना बताये घर से कही चली गई है शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिक लडकी को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर अपहृता बालिका की पता तलाश हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। अपृहता की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष टीम का गठन कर दस्तयाबी हेतु सक्त निर्देश दिये गये थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अनूपपुर के मार्गदर्शन में जैतहरी पुलिस के व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अपहृता बालिकाओ को विधिवत दस्तयाब कर विधिवत प्रक्रिया पश्चात बाल कल्याण समिति अनूपपुर के आदेश पर अपृहता बालिकाओ को उसके परिजनो को विधिवत सुपुर्द किया।

## किरर बड़हर मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया से दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज<अनूपपुर।



किरर से बड़हर पहुंच मार्ग के मध्य वर्षा काल के दौरान अत्यधिक वर्षा होने से तीन अलग-अलग स्थान में पुलिया क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है वही मार्ग में आवागवन करने पर दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। सरपंच ने विभाग को पत्र लिखकर शीघ्र सुधार कराए जाने की मांग की है। अनूपपुर तहसील एवं जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत औढेरा सरपंच श्रीमती श्यामबाई सिंह ने महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग अनूपपुर को पत्र लिखते हुए शहडोल अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य किरर से बड़हर पहुंच मार्ग के मध्य तीन अलग-अलग स्थान झिरियानाला, वानाछार नाला में बनाए गए पुलिया वर्षा काल के दौरान अत्यधिक वर्षा से जंगल से बरसाती पानी के अत्याधिक बहाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे आवागवन करने में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही रात्रि समय अचानक क्षृतिगस्त पुलिया के समीप पहुंचने से वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है जिस पर सरपंच ने महाप्रबंधक, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग अनूपपुर को पत्र लिखकर जल्द से जल्द सुधार कराए जाने की मांग की है,इस मार्ग किरर से बड़हर से खोह, बदरचुई एवं अन्य स्थानो के ग्रामीण आवागवन करते हैं विदित है कि पिछले माह अत्यधिक वर्षा के कारण जंगल का पानी नाला के माध्यम से तेज वहाव के कारण किरर गांव से लगे सजहा टोला में पुलिया के ऊपर से अचानक तेज बाढ़ आने पर एक कार बह जाने से कारण एक परिवार के चार सदस्यो की मौत की घटना घटित हो चुकी है।

## पार्षदों के बैठक और विकास में रोडा अटका बना गले की हड्डी

# रामू: जनता का सेवक या फिर नौकर

हरिभूमि न्यूज अमलाई।




पूर्व में फिल्मों में एक किरदार की भूमिका देखी जाती थी जिसमें रामू नामक व्यक्ति नौकर की अहम भूमिका में रहता था लेकिन नगर परिषद बरगवां अमलाई में जब से नगर परिषद का गठन हुआ है और अध्यक्ष विकास की राह में एक नया दौर चल रहा है तब यह रामू नगर परिषद के अस्तित्व और अस्मिता पर तंज कस रहा है। आए दिन अपनी अकड़ से विकास कार्यों में बैठकों कर्मचारियों के नित कार्यों शासन के निर्देशों के अनुसार प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी के नियत कार्यों में रोड़ा अटका रहा है, लेकिन सवाल यह उठता है कि रामू नामक जनता का सेवक या फिर नौकर। क्यों कर रहा है अध्यक्ष पार्षदों और मुख्य नगर पंचायत अधिकारी एवं कार्यालय में बैठे कर्मचारी के कार्यों में अपनी दखलंदाजी। परिषद की बैठक के दौरान अपनी हेकड़ी पूर्ण आचरण और व्यवहार को लेकर पार्षद और जनप्रतिनिधियों की गली की हड्डी बना हुआ है। इस रामू के हौसले इतने बुलंद है कि अपने खास शरणार्थी और अनुयायी के निजी कार्य भी नगर परिषद व शासन की संपत्ति जेसीबी वहां से जंगल की भूमि पर जमीन को बराबर कराकर अवैध कब्जा करने का अनुचित प्रयास नगर परिषद क्षेत्र के जनता और जनप्रतिनिधियों से नहीं छुपा है। यही नहीं इनके द्वारा नगर परिषद के द्वारा कराए जा रहे किसी भी विकास निर्माण या अन्य कार्यक्रमों के साथ राजनीतिक सामाजिक सांस्कृतिक सभी पर अपना नियंत्रण निश्चित करता है। रामू की चाहत है कि पूर्व में फंसे विवादों मामलों और विवादास्पद क्रियाकलापों को लेकर सुर्खियों में बने रहने वाला करोड़ों रुपए खर्च कर अब वसूली करने की मंशा रखता है। आधे अधूरे कार्य के साथ गुणवत्ताहीन निर्माण और सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियोग्राफी फिल्म शूटिंग और फिल्मों के उमदे किस्म के गाने जो सिर्फ झाड़ू पकड़कर एक ही जगह पर हिला देने और स्वच्छता पखवाड़ा के नाम पर आने वाले डिब्बे हरे नीले पीले काले जो जनता के उपयोग के लिए मुख्य नगर पंचायत अधिकारी के निर्देशन पर कर्मचारियों के द्वारा बांटे जाने का विधान निश्चित है उस पर भी यह रामू राजनीतिक समीकरण बनाने में लगा है। डिब्बे के वितरण को लेकर भी किसी घर में हरा तो किसी घर में काला तो किसी में नीला सिर्फ एक ही डिब्बे मिल पा रहे हैं। कौन है रामू कहीं 80 के दशक के कॉमिक्स वाला रामू तो नहीं या फिर चाचा चौधरी से तो नहीं आ गया।

## कलेक्टर ने बालक छात्रावास करपा के अधीक्षक को किया निलंबित

### दो भृत्यों को जारी हुआ शोकॉज नोटिस, छात्रावास में छात्रों द्वारा शराब का सेवन एवं मीट मटन खाते वायरल हुआ था वीडियो

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधीक्षक, सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास करपा कुलदीप सिंह बघेल को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ में नियत किया है। उल्लेखनीय है कि अधीक्षक, सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास करपा (मूल पद अध्यापक) कुलदीप सिंह बघेल 05 जून 2025 को सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराए बिना और छात्रावास संचालन की समुचित व्यवस्था किए बिना ही अवकाश पर प्रस्थान कर गए। श्री बघेल की इस गंभीर लापरवाही के कारण छात्रावास में शराबखोरी जैसी अप्रिय स्थिति उत्पन्न हुई। उक्त कृत्य उनके पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही को दर्शाता है, जो म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत होने के कारण कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिस कारण उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।



**दो भृत्यों को जारी हुआ शोकॉज नोटिस-** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास करपा के स्थाईकर्मी चतुर्थ श्रेणी भृत्य महेंद्र सिंह एवं छोटेलाल सिंह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। उल्लेखनीय है कि जारी पत्र में कलेक्टर ने स्थाईकर्मी भृत्यों से कहा है कि सोशल मीडिया में चल रहे वीडियो में सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास करपा के छात्र शराब का सेवन एवं मीट मटन खाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिससे स्पष्ट है कि आपके द्वारा छात्रावास संचालन में ठीक ढंग से रखरखाव नहीं किया गया है तथा इस संबंध में ना तो अधीक्षक और ना ही संस्था प्रमुख को अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा है कि आपके द्वारा पदीय दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से न किए जाने के कारण प्रतीत होता है कि आप अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह एवं उदासीन है। उक्त कृत्य के फलस्वरुप क्यों ना आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। उन्होंने कहा है कि कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब तीन दिवस के अन्दर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, समयावधि में संतोषप्रद उत्तर प्राप्त न होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान का होगा व्यापक प्रचार प्रसार

**हरिभूमि न्यूज<अनूपपुर।** अनूपपुर कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह एवं पूर्व जिला महामंत्री उमेश राय ने बताया कि राहुल गांधी के द्वारा "वोट चोरी" के मुद्दे पर पूरे देश में जागृति अभियान चलाया जा रहा हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इस मुद्दे पर 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके द्वारा 5 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र कर चुनाव आयोग एवं भारत के राष्ट्रपति को जनता के सशक्त जनादेश के रूप में सौंपा जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार समस्त जिलों में जिला अध्यक्ष,पार्टी के समस्त प्रदेश, जिला, ब्लाक एवं मंडलम स्तरीय पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि संबंधित क्षेत्र के स्थानीय सामाजिक नेताओं, प्रभावशाली व्यक्तियों एवं आमजनता की



सहभागिता से इस "हस्ताक्षर अभियान"को प्रभावशाली तरीके से पूर्ण सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। क्योंकि यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है,यह संविधान की रक्षा और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की निर्णायक पहल है।अतः कार्यक्रम को योजनावद्ध तरीके से रणनीति बनाकर स्थानीय मीडिया एवं सोशल मीडिया, प्रेस कान्फ्रेंस एवं बेनर पोस्टर के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार के साथ समस्त जिलों में मण्डलम स्तर तक एक साथ संपन्न करना है। हर जिले से कम से कम एक लाख हस्ताक्षर कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिला स्तर पर एक टीम बनाकर डे टू डे की मॉनिटरिंग कराना भी सुनिश्चित करेंगे। इसलिए कांग्रेस पार्टी से जुड़े सभी लोगों से आग्रह किया गया है कि आप "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान को व्यापक तरीके से सभी की सहभागिता द्वारा सफल बनायें एवं हस्ताक्षर की सूची व्यवस्थित फार्मेट में तथा मीडिया कवरेज, फोटोग्राफ एवं वीडियो सहित तय समय सीमा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करे।

# सिद्ध आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खूंटा टोला स्थित सिद्ध आश्रम खूंटा टोला में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत कथा एवं कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। सुबह कलश यात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई, जिसमें महिला, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक परिधानों में सजधजकर शामिल हुए। पूरे गाँव में धार्मिक गीतों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा के पश्चात कथा स्थल पर वृंदावन से आये गौ रक्षक अनुरागाचार्य महाराज जी ने मंगलाचरण के साथ भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने मुखारविंद से भागवत महापुराण की अमृतमयी कथाओं का श्रवण कराते हुए धर्म, भक्ति और सदाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिदिन कथा का आयोजन किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर भागवत कथा का रसपान करने का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिक राठौर, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सराटी, जनपद पंचायत के प्रतिनिधिगण, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा स्थल पर पहुँचे और भक्ति रस में डूबकर आयोजन को सफल बनाया। स्थानीय समिति ने बताया कि नवरात्रि पर्व के अंत तक प्रतिदिन कथा, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के आयोजन से सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को नई दिशा मिल रही है।